Total No. of Printed Pages—4

**2 SEM TDC HND MIL (A) 1**

**2014**

( May )

HINDI

( Modern Indian Language )

**( Arts )**

Course : 201

**( हिन्दी गद्य तथा व्याकरण )**

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*Candidates* ***eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***9***

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32

*Candidates* ***not eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***11***

*Full Marks* : 100

*Pass Marks* : 40

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) बैजू को संगीत की शिक्षा किसने दी थी?

(ख) एक धमाके के साथ राजनीति में कौन आयी थी?

(ग) मालती जी के विरोध में पर्चा किसकी ओर से निकाला गया था?

(घ) डॉ० लीला गगै के निबन्ध का शीर्षक क्या है?

(ङ) 'काली आँधी' उपन्यास पर आधारित फिल्म का नाम लिखिए।

(च) 'दुःख' कहानी में किसका दुःख बनावटी है?

(छ) अमीरी और गरीबी से किसका सम्बन्ध नहीं होता?

(ज) नामघरों में किसे चैतन्य मूर्ति मानकर नाम कीर्तन किया जाता है?

**2.** "एक का दुःख बनावटी है, रसीला है, तो दूसरे का स्वाभाविक।" इस कथन के आधार पर 'दुःख' कहानी का विश्लेषण कीजिए। 11

**अथवा**

"कला-साधना में तानाशाही नहीं चलती।" इस तथ्य की प्रस्तुति 'बैजूबावरा' कहानी में किस प्रकार हुई है?

**3.** "'काली आँधी' उपन्यास में केवल भ्रष्टाचार और चरित्रहीनता का ही चित्रण नहीं है, इसमें महत्त्वाकांक्षा के विस्तार और सफलता के नशे की भी कहानी जुड़ी हुई है।" इस कथन के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत उपन्यास की समीक्षा कीजिए। 11

**अथवा**

'काली आँधी' उपन्यास के आधार पर मालती अथवा जग्गी बाबू का चरित्र-चित्रण कीजिए।





**4.** निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) बालक को प्रातःकाल मिठाई मिलने की आशा दिलाई जाये तो वह रात को कई बार उठ-उठकर देखता है कि अभी सूर्य निकला है या नहीं। उसके लिए समय रुक जाता है।

**अथवा**

कोई भी धर्म छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी धर्म प्रभु के पास पहुँचाते हैं। रास्ते अलग हो सकते हैं।

(ख) जीतने वाला तो जीतता ही है, हारने वाला भी एक दिन जीत जाता है... लेकिन पछताने वाला हमेशा पछताता ही रह जाता है।

**अथवा**

जिन्दगी में हर चीज नहीं मिलती। आदमी को चुनाव करना पड़ता है कि उसे क्या चाहिए।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** का आशय लिखिए : 3×3=9

(क) ईमानदारी और बेईमानी में चार अंगुल का भी फरक नहीं है। यह सवाल चित और पट का है।

(ख) इलेक्शन का ऊँट कब किस करवट बैठ जाये, कुछ पता नहीं होता।

(ग) हम पत्रकार लोग जानते कुछ नहीं, पर हर विषय का विशेषज्ञ बनने का अहम् जरूर पाले रहते हैं।

(घ) भाषा पर कबीर का जबरदस्त अधिकार था।

**6.** कारक की परिभाषा देते हुए उसके भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिए। 5

**अथवा**

लिंग-निर्णय के किन्हीं तीन नियमों को सोदाहरण लिखिए।

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 1×5=

नाक का बाल ; अंधे की लकड़ी ; डींग मारना ; पौ बारह होना ; कान में तेल डालना ; अक्ल का दुश्मन ; कागज काला करना।

**8.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्द-युग्मों का अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1×5=

अपेक्षा–उपेक्षा ; देव–दैव ; नीर–नीड़ ; पास–पाश ; अन्त–अन्त्य ; कुल–कूल ; तरणि–तरणी।

**9.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 1

(क) आम चुनाव और भ्रष्टाचार

(ख) आपका प्रिय साहित्यकार

(ग) बाल-श्रमिक समस्या

(घ) अनुशासन

**( In lieu of Internal Assessment )**

**10.** आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के कबीर का परिचय दीजिए। 1

**11.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पात्रों का चरित्र-चित्रण पाठ के आधार पर कीजिए : 5×2=1

दिलीप ; बैजूबावरा ; हेमा ; तानसेन।

★★★